संभागीय स्काउट गाइड रैली शिविर दि.30/12/2024 से 03/01/2025 में मॉन्टफोर्ट स्कूल भोपाल के स्काउट गाइड संभाग स्तरीय रैली में प्रतिभा गिता की इस रैली में कुल 5 जिले सम्मिलित हुए ,जिसमें भोपाल, रायसेन, विदिशा सीहोर, राजगढ़ कुल 500 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की इस शिविर में भारत स्काउट गाइड के 75 वीं वर्षगांठ पूर्ण होने पर शिविर का आयोजन किया गया था । इस शिविर में कई गतिविधियाँ एवं प्रतियोगिताएं की गई जिसमें स्काउट गाइड प्रदर्शन, कलर पार्टी, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, लोक नृत्य, स्कलो रामा, दक्षता पदक, जिला गेट, मार्च फास्ट, शिविर कला, फूड जोन, झांकी, शारीरिक प्रदर्शन, निबंध प्रतियोगिता इत्यादि प्रतियोगिताएं सम्मिलित थी । इस शिविर के शिविर संचालक श्री राजेश मेवाड़े सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट भोपाल संभाग के द्वारा संचालन किया गया था। इस शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम अध्यक्ष भोपाल श्री किशन सूर्यवंशी जी के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया ।जिसमें भोपाल जिले के सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल के स्काउट गाइड को को 6 प्रथम पुरस्कार ,5 द्वितीय पुरस्कार, 2 तृतीय पुरस्कार एवं29 व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त हुए । इस शिविर मै मोन्टफोर्ट स्कूल के स्काउट गाइड के साथ भोपाल के पांच स्कूल सम्मिलित हुए ।जिसमें सेंट पॉल स्कूल आनंद नगर, डी.पी.एस स्कूल, भोपाल अकैडमी स्कूल, बाल भारती स्कूल भोपाल, सलमान पब्लिक स्कूल पटेल नगर । सेन्ट मोन्ट फोर्ट स्कूल के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के के ने संभाग स्तरीय स्काउट गाइड रैली में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं और बधाई दी । अपने अभिभाषण में उन्होंने मोन्ट फोर्ट स्कूल के स्काउट गाइड को सेवा भाव से निस्वार्थ सेवा करते रहने और स्काउटिंग में अपना सहयोग प्रदान करते रहे ऐसी शुभकामनाएं दी ।